# आंबेडकर विवि: सीएम ने किया विवेकानंद भवन का उद्घाटन

नई दिल्ली | सीएम रेखा गुप्ता ने कर्मपुरा स्थित डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय के परिसर में नव-निर्मित स्वामी विवेकानंद भवन का भव्य उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय सहित पूरे दिल्ली के विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय और उत्कृष्ट बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह परिसर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मदन लाल खुराना और स्वर्गीय सुषमा स्वराज जैसे महान नेताओं की स्मृति में और उनकी सेवा भावना को सम्मानित करते हुए तैयार किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

# 'दिल्ली को शिक्षा का हब बनाना सरकार की प्रतिबद्धता'

जासं, पश्चिमी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्मतिथि के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़े में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कर्मपुरा स्थित डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के परिसर में स्वामी विवेकानंद भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को देश और विदेश के छात्रों के लिए शिक्षा का हब बनाना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम में सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के शहरी विकास व शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विधायक हरीश खुराना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय सहित पूरे दिल्ली के विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय और उत्कृष्ट बनाया जाए। यह परिसर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मदन लाल खुराना और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहीं सुषमा स्वराज की स्मृति में तैयार किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और छात्रों से आह्वान किया कि वे मिलकर इसे सर्वोत्तम विश्वविद्यालय बनाने में अपना योगदान दें।

Scanned with OKEN Scanner

अमर उजाला | दिल्ली | amarujala.com

# सीएम ने स्वामी विवेकानंद भवन का किया उद्घाटन

## रेखा गुप्ता ने दिल्ली को देश-विदेश के छात्रों के लिए शिक्षा का हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के कर्मपुरा परिसर में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद भवन का उद्घाटन किया।

उन्होंने दिल्ली को देश और विदेश के छात्रों के लिए शिक्षा का हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, दिल्ली सरकार का लक्ष्य अंबेडकर विश्वविद्यालय सहित सभी विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय बनाना है। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उच्च गुणवत्ता वाली फैकल्टी और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर दिल्ली को वैश्विक शिक्षा के केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।



स्वामी विवेकानंद भवन का उद्घाटन करतीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। अमर उजाला

यह परिसर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मदन लाल खुराना और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की स्मृति में बनाया गया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने स्वामी विवेकानंद भवन को शिक्षा, चरित्र निर्माण और आधुनिक कौशल विकास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि 2008 में 19 छात्रों से शुरू हुआ यह विश्वविद्यालय मौजूदा समय में 5500 से अधिक छात्रों को 73 प्रोग्रामों में शिक्षा प्रदान कर रहा है। सांसद बांसुरी स्वराज, शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विधायक हरीश खुराना सहित अन्य लोग मौजूद रहे। ब्यूरो

Scanned with OKEN Scanner

# दिल्ली को शिक्षा केंद्र के रूप में परिवर्तित किया जाएगा : रेखा गुप्ता

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

■ अंबेडकर यूनिवर्सिटी में विवेकानंद भवन का उद्घाटन किया

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी को शिक्षा के केंद्र में बदलना है। उन्होंने कहा कि यहां भारी उद्योगों पर प्रतिबंधों के कारण इसे औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित नहीं किया जा सकता, लेकिन यह सीखने के लिए सबसे प्रमुख स्थान बन सकता है।

मुख्यमंत्री ने करमपुरा स्थित बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के परिसर में स्वामी विवेकानन्द भवन के उद्घाटन के मौके पर कहा कि हम दिल्ली को शिक्षा केंद्र बनाने पर काम कर रहे है। शिक्षा के लिए सबसे अच्छी जगह की तलाश कर रहे विद्यार्थियों को सबसे पहले दिल्ली के बारे में सोचना चाहिए। हमें अपनी व्यवस्था को इतना मजबूत बनाना होगा कि हमारे बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने की जरूरत ही न पड़े।

उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगी। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने विश्वविद्यालय की संपर्क संबंधी पहल का जिक्र करते हुए कहा कि एयूडी केवल कक्षाओं तक ही सीमित नहीं है। इसने सात झुग्गी बस्तियों और गांवों को गोद लिया है। बच्चों को शिक्षा और विकास प्रदान कर रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

# शिक्षा का हब बनेगी राजधानी : सीएम

नई दिल्ली, प्र.सं.। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि राजधानी को देश और विदेश के छात्रों के लिए शिक्षा का हब बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है।

सीएम ने यह बात कर्मपुरा स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के परिसर में नव-निर्मित स्वामी विवेकानंद भवन के उद्‌घाटन के दौरान कही। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आशीष सूद, सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक हरीश खुराना व अन्य लोग मौजूद रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# AUD में नया अकैडमिक ब्लॉक शुरू

## चार मंजिला स्वामी विवेकानंद भवन का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कर्मपुरा स्थित डॉ. बी. आर. आंबेडकर यूनिवर्सिटी का चार मंजिला अकैडमिक ब्लॉक बनकर तैयार हो गया है। शनिवार को स्वामी विवेकानंद भवन का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उद्घाटन किया। इस ब्लॉक में 18 क्लासरूम, दो सेमिनार रूम, पांच लैब्स, एक इलेक्ट्रिक और आईटी हब तैयार हो गया है।

'सेवा पखवाड़े' के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि दिल्ली को देश और विदेश के स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा का हब बनाना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि एयूडी सहित पूरे दिल्ली की यूनिवर्सिटी को विश्वस्तरीय बनाया जाए। यूनिवर्सिटी में हर प्रकार के संसाधन, अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, हाई क्वॉलिटी वाली फैकल्टी और सभी आवश्यक



सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम

सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिसर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना और पूर्व केंद्रीय मंत्री रही सुषमा स्वराज जैसे नेताओं की स्मृति में और उनकी सेवा भावना को सम्मानित करते हुए तैयार किया गया है।

आशीष सूद ने कहा कि एयूडी की शुरुआत 2008 में केवल 19 स्टूडेंट्स के साथ हुई थी और आज यहां 5500 से

- दिल्ली को देश और विदेश के स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा का हब बनाना है: सीएम
- यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर चल रहे 'सेवा पखवाड़े' के अंतर्गत किया गया

ज्यादा स्टूडेंट्स 73 अलग-अलग प्रोग्रामों में पढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को रोजगार देने वाले नागरिक बनने के लिए यूनिवर्सिटी ने सात स्लम क्लस्टर्स और ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक विकास, 23 हेक्टेयर वेटलैंड की पुनर्स्थापना और स्टार्टअप इंटर्नशिप प्रोग्राम जैसी गतिविधियों की भी शुरुआत की है। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के शहरी विकास और आशीष सूद, विधायक हरीश खुराना उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner



# Govt aims to transform Capital into education hub, says Rekha Gupta

PIONEER NEWS SERVICE
New Delhi

Delhi Chief Minister Rekha Gupta on Saturday said her Government aims to transform the national Capital into an education hub, noting that while the city cannot be developed as an industrial centre due to restrictions on heavy industries, it can emerge as the foremost destination for learning.

The Chief Minister during the inauguration ceremony of Swami Vivekananda Bhawan at Dr BR Ambedkar University Delhi's (AUD) Karampura campus, said, "That the biggest sector we can work on in Delhi is to make the city an education hub." She added, "Students searching for the best place to get an education should think of Delhi first. We have to make our system so strong that our children do not need to go abroad for higher studies."

The newly inaugurated four-storey building is a state-of-the-art academic complex with 18 smart classrooms, two seminar halls, five laboratories and an electric and IT Hub, a statement released by the varsity read.

The chief minister, addressing a large gathering of students and faculty, said, "Our students are not just dreaming about Delhi's future, they are building it."

From artificial intelligence for smart governance to sustainable urban farming solutions and revitalising traditional crafts for inclusive growth, every idea reflects the vision of a stronger, smarter and more self-reliant Delhi, she said, adding that this is the spirit that will take Delhi forward towards 2047.

The chief minister also said she was proud to inaugurate the building under the "Sewa Pakhwara" being celebrated on the 75th birthday of Prime Minister Narendra Modi. Delhi Education Minister Ashish Sood highlighted the outreach initiatives of AUD and urged students to take up more research work in national and human interest.

"AUD is not limited to classrooms. It has adopted seven slum clusters and villages, is providing education and development to children, and is restoring 23 hectares of wetland with us," Sood said.

He added that spending on education is not an expenditure; it is the biggest investment for the future.

Vice-Chancellor Anu Singh Lather said the university recently hosted the National Inter-University Research Ideation Festival with the theme "Viksit Delhi @2047", which showcased the creativity and vision of young minds.

On the occasion, winners of the university's annual research festival "Shodhostav 2025" were also felicitated for their projects on governance, sustainability and cultural innovation, the statement said.

New Delhi MP Bansuri Swaraj, MLA Harish Khurana and other leaders were also present during the inauguration ceremony.